Hindi | हिन्दी

वास्तविक सहायता। बिल्कुल अभी।

$100 पावर सेविंग बोनस: कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम

कन्सेशन (रियायत) कार्ड धारकों के लिए $100 पावर सेविंग बोनस के लिए हमारे कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के माध्यम से फोन पर और व्यक्तिगत तौर पर आवेदन करने के लिए सहायता उपलब्ध है।

$100 पावर सेविंग बोनस

पावर सेविंग बोनस $100 का भुगतान है जो रहन-सहन की लागत पर ध्यान देने और विक्टोरियाई लोगों के लिए ऊर्जा बिलों को कम करने के लिए वास्तविक सहायता प्रदान करता है। पात्र कन्सेशन (रियायत) कार्ड धारक विक्टोरियाई घर-परिवार विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर वेबसाइट - compare.energy.vic.gov.au - पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम

कन्सेशन (रियायत) कार्ड धारक जिन्हें $100 के भुगतान के लिए आवेदन करने हेतु सहायता की आवश्यकता होती है, वे कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के माध्यम से फोन पर या व्यक्तिगत रूप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

पात्र घर-परिवार फोन के माध्यम से अपने $100 पावर सेविंग बोनस के लिए आवेदन करने हेतु 1800 000 832 पर कॉल कर सकते हैं या अपने क्षेत्र में भाग लेने वाले कम्युनिटी आउटरीच पार्टनर से जुड़ सकते हैं।

पात्रता अपेक्षाएं

पात्र होने के लिए, घर-परिवारों को निम्न की आवश्यकता होगी:

- हाल ही का आवासीय बिजली का बिल
- निम्नलिखित रियायत (कन्सेशन) कार्ड में से किसी एक के धारक होना:
  - स्वास्थ्य देखभाल (हेल्थ केयर) कार्ड
  - पेंशनर रियायत (कन्सेशन) कार्ड
  - पूर्व-सैनिक मामला (वैटरन्स अफैयर्स) पेंशनर रियायत कार्ड
  - पूर्व-सैनिक मामला (वैटरन्स अफैयर्स) गोल्ड कार्ड

प्रति घर-परिवार केवल एक भुगतान उपलब्ध है।

$100 पावर सेविंग बोनस के लिए आवेदन करने के लिए,
compare.energy.vic.gov.au पर जाएं या कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के माध्यम से फोन पर या व्यक्तिगत रूप से आवेदन करें।

VICTORIAN ENERGY COMPARE

VICTORIA State Government

वास्तविक सहायता। बिल्कुल अभी।

यह काम किस प्रकार करता है

1. जांचें कि आप $100 पावर सेविंग बोनस के लिए पात्र हैं।
2. निम्नलिखित दस्तावेज तैयार रखें:
   - हाल के बिजली के बिल की एक प्रति
   - एक पात्र कन्सेशन (रियायत) कार्ड
   - आपका ड्राइवर लाइसेंस या मेडिकेयर कार्ड*

   अपनी पहचान और योग्यता की पुष्टि करने के लिए आपको इन दस्तावेजों से जानकारी प्रदान करनी होगी।
3. **फोन पर या व्यक्तिगत रूप से आवेदन करने के लिए इस पेज़ पर सूचीबद्ध संगठनों में से किसी एक से संपर्क करें।**
4. यदि आपका आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो हम आपको $100 भेजेंगे।

पात्र कन्सेशन (रियायत) कार्ड

*इमीकार्ड और ऑस्ट्रेलियाई वीज़ा भी स्वीकार किए जाते हैं

क्या आपको अपने $100 भुगतान का आवेदन करने में सहायता की ज़रूरत है?

फोन समर्थन

विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर हेल्पलाइन - 1800 000 832

विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर हेल्पलाइन विक्टोरियाई व्यवसायों और घर-परिवारों को उनके लिए सर्वोत्तम एनर्जी डील (ऊर्जा सौदा) खोजने के लिए विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर वेबसाइट का उपयोग करने में सहायता करती है। हेल्पलाइन $100 पावर सेविंग बोनस पर जानकारी और सलाह भी प्रदान करती है, जिसमें पात्र घर-परिवारों को फोन पर आवेदन करने के लिए सीधे तौर पर सहायता देना शामिल है।

व्यक्तिगत समर्थन

नेबरहुड हाउसिज़ विक्टोरिया - 1800 000 832 पर कॉल करके या compare.energy.vic.gov.au/psb-outreach पर जाकर अपने आस-पास एक भाग लेने वाला केंद्र खोजें

नेबरहुड हाउस स्थानीय समुदाय-आधारित संगठन हैं जो समर्पित स्वयंसेवकों द्वारा कार्यरत हैं जो सभी उम्र, क्षमताओं और पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सामाजिक, शैक्षिक, मनोरंजक और समर्थन गतिविधियों की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं।

क्या आपको अपने ऊर्जा बिलों का भुगतान करने में कठिनाई पेश आ रही है?

ऊर्जा सहायता कार्यक्रम (Energy Assistance Program) एंग्लिकेयर विक्टोरिया (Anglicare Victoria) के साथ साझेदारी में फोन पर दी जाने वाली एक नि:शुल्क सेवा है जो आपको ऊर्जा बिलों पर पैसों की बचत करने में मदद कर सकती है। यह कार्यक्रम कम आय वाले घर-परिवारों या उन लोगों के लिए उपलब्ध है जिन्हें अपने ऊर्जा बिलों का भुगतान करने में परेशानी हो रही है।

कार्यक्रम निम्नलिखित काम करने के लिए आमने-सामने की सहायता प्रदान कर सकता है:

- पात्र कन्सेशन (रियायतों) और ग्रांट (अनुदानों) के लिए आवेदन करना
- अपने रिटेलर के हार्डशिप प्रोग्राम (कठिनाई कार्यक्रमों) तक पहुंच प्राप्त करना
- बेहतर ऊर्जा ऑफ़र खोजना, उनकी तुलना करना और उनमें बदली करना
- ऊर्जा बिलों को समझना और बिलिंग से जुड़ी त्रुटियों को दूर करना
- घर पर ऊर्जा की बचत करना
- वित्तीय परामर्श जैसी सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करना।

अपने ऊर्जा बिलों में सहायता प्राप्त करने के लिए, सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से शाम 5 बजे (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) 1800 161 215 पर कॉल करें।

© विक्टोरिया राज्य ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु कार्रवाई विभाग अगस्त 2025।

ISBN 978-1-76176-518-6 **(Print)**
ISBN 978-1-76176-519-3 **(pdf/online/MS word)**

अस्वीकरण
इस प्रकाशन से आपको सहायता मिल सकती है, लेकिन विक्टोरिया राज्य और इसके कर्मचारी इस बात की गारंटी नहीं देते हैं कि यह प्रकाशन किसी प्रकार की त्रुटि से मुक्त है या आपके विशिष्ट उद्देश्यों के लिए पूर्णत: उपयुक्त है और इसलिए इस प्रकाशन में दी गई किसी भी जानकारी पर भरोसा करने से पैदा होने वाली किसी भी त्रुटि, हानि या अन्य परिणाम के लिए वे सभी दायित्वों को अस्वीकार करते हैं।

अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में सहायता के लिए, अनुवाद और दुभाषिया सेवाओं (टीआईएस) से 131 450 पर संपर्क करें।

VICTORIA State Government

2052